ज़रा सिर तो खुजलाइए

पिछले अंक में पूछा गया सवाल: *एक गिलास को करीब आधा पानी से भरकर उसमें कॉर्क डालें तो वह तैरने लगता है। परन्तु बीच में न रहकर किनारे से सट जाता है। आपको बताना है कि बिना कॉर्क को छुए क्या करें कि कॉर्क किनारे से सटकर तैरने की बजाए बीच में तैरे?*

बहुत ही आसान है इसका जवाब – एक दूसरे गिलास से इस कॉर्क वाले गिलास में अत्यन्त सावधानी पूर्वक पानी धीरे-धीरे उड़ेलिए। ऐसा करते-करते कॉर्क वाला गिलास पानी से भर जाएगा यानी पानी गिलास के किनारों तक आ जाएगा। उसके बाद भी उसमें पानी उड़ेलते रहिए। अब ड्रॉपर की मदद लेना बेहतर होगा क्योंकि झटका बिल्कुल भी नहीं लगना चाहिए। धीरे-धीरे कॉर्क वाले गिलास के पानी का तल बाहर ऊपर की ओर निकल आएगा और ऐसी स्थिति में कॉर्क किनारे से सरककर बीच में आ जाएगा।



इसी सवाल का एक और हल सुझाया है गांधी विद्यापीठ, वेडछी, सूरत से वसंत वड़वळे ने : *गिलास के किनारे के नज़दीक साबुन का स्पर्श करके कॉर्क बीच में रखने से वह बीच में तैरेगा।*

इस बार 'ज़रा सिर तो खुजलाइए' पृष्ठ नंबर 85 पर